**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 2666**
**12 अगस्त, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**प्राइवेट नौकरी के लिए एम्स छोड़ रहे चिकित्सक**

**2666# श्री रामजी लाल सुमनः**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली सहित विभिन्न एम्स से डॉक्टर अपनी नौकरी छोड़कर निजी क्षेत्र की ओर जा रहे हैं;
(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान एम्स छोड़ने वाले डॉक्टरों की संख्या कितनी है, इसका एम्स-वार ब्यौरा क्या है; और
(ग) क्या डॉक्टरों द्वारा अपनी नौकरी छोड़ने के कारणों का पता लगाने के लिए कोई अध्ययन करवाया गया है?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) से (ग): विगत तीन वर्षों (2022-2024) के दौरान, विभिन्न अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों (एम्स) से 429 प्राध्यापकों ने त्यागपत्र दिया है, जिनमें एम्स, नई दिल्ली के 52 प्राध्यापक भी शामिल हैं। (विवरण **अनुलग्नक** में है)। प्राध्यापकों के त्यागपत्र के कारण व्यक्तिगत और व्यावसायिक दोनों हैं।

**अनुलग्नक**

**दिनांक 12.08.2025 के लिए राज्यसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2666 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

**विगत तीन वर्षों (2022-2024) में त्यागपत्र देने वाले संकाय**

| **सं क्र** | **एम्स** | **त्यागपत्र देने वाले संकाय की संख्या** |
|---|---|---|
| 1. | नई दिल्ली | 52 |
| 2. | कल्याणी, पश्चिम बंगाल | 22 |
| 3. | नागपुर, महाराष्ट्र | 16 |
| 4. | रायबरेली, उत्तर प्रदेश | 17 |
| 5. | गुवाहाटी, असम | 06 |
| 6. | बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश | 32 |
| 7. | रायपुर, छत्तीसगढ़ | 35 |
| 8. | मदुरै, तमिलनाडु | 05 |
| 9. | बीबीनगर, तेलंगाना | 19 |
| 10. | गोरखपुर, उत्तर प्रदेश | 12 |
| 11. | ऋषिकेश, उत्तराखंड | 38 |
| 12. | भुवनेश्वर, उड़ीसा | 15 |
| 13. | मंगलागिरि, आंध्र प्रदेश | 30 |
| 14. | विजयपुर, जम्मू | 06 |
| 15. | भटिंडा, पंजाब | 22 |
| 16. | राजकोट, गुजरात | 11 |
| 17. | भोपाल, मध्य प्रदेश | 27 |
| 18. | देवघर, झारखंड | 20 |
| 19. | जोधपुर, राजस्थान | 25 |
| 20. | पटना, बिहार | 19 |
| 21. | अवंतीपुरा, जम्मू-कश्मीर | 00 |
| 22. | रेवाडी, हरियाणा | 00 |
| 23. | दरभंगा, बिहार | 00 |
| | **कुल** | 429 |

*****